# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 27.12.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2025 को बताया गौरवमयी उपलब्धियों का वर्ष : वंदेमातरम की 150वी वर्षगांठ पर की लोगों के उत्साह की तारीफ।
2. प्रधानमंत्री ने प्रयागराज महाकुंभ, राममंदिर ध्वाजारोहण का किया जिक्र : तमिल भाषा के प्रचार में काशी–तमिल संगमम के आयोजन को बताया महत्वपूर्ण, लखनऊ के अंतरिक्ष यात्रो शुभांशु शुक्ला को कहा देश का गौरव।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया, साइबर अपराध पर सख्त निगरानी के दिये निर्देश : पुलिस मंथन कार्यक्रम में कहा आने वाली चुनौतियों के लिए रहना होगा तैयार।

और

4. राज्य में शीतलहर और कोहरे से जनजीवन प्रभावित : चंदौली, जौनपुर और देवरिया समेत कई जिलों में तीस दिसंबर तक स्कूलों में अवकाश घोषित।

———————

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत ने इस वर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा, खेल और विज्ञान से लकर विश्व के सबसे बड़े मंचों तक, हर जगह अपनी मजबूत छाप छोड़ी है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में आज प्रधानमंत्री ने कहा कि 2025 ने हर भारतीय को गौरवान्वित करने वाले कई क्षण दिए। श्री मोदी ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' इस वर्ष हर भारतीय के लिए गर्व का प्रतीक बन गया।**

*आज का भारत अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करता। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान देश के कोने–कोने से माँ भारती के प्रति प्रेम और समर्पण की तस्वीरें सामने आई। लोगों ने अपने–अपने तरीके से अपने भाव व्यक्त किये।*

**श्री मोदी ने वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर लोगों के उत्साह और जज्बे की सराहना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि खेल के लिए भी वर्ष 2025 यादगार रहा। श्री मोदी ने विश्व चौंपियनशिप में कई पदक जीतने वाले पैरा–एथलीटों की भी प्रंशसा की।**

*हमारी पुरुष क्रिकेट टीम ने आईआईसी चौंपियंस ट्राफी जीती। महिला क्रिकेट टीम ने पहली बार विश्व कप अपने नाम किया। भारत की बेटियों ने वुमेन्स ब्लाइंड टी–20 वर्ल्डकप जीतकर इतिहास रच दिया। एशिया कप टी–20 में भी तिरंगा शान से लहराया।*

**प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष विज्ञान सहित कई क्षेत्रों में भारत ने कई उपलब्धियां हासिल की। श्री मोदी ने लखनऊ के शुभांशु शुक्ला का जिक्र करते हुए कहा कि वे पहले भारतीय बने जो इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन तक पहुंच।**

विज्ञान और अंतरिक्ष के क्षेत्र में भी भारत ने बड़ी छलांग लगाई। शुभांशु शुक्ला पहले भारतीय बने, जो इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन तक पहुंचे। पर्यावरण

संरक्षण और वन्य–जीवों की सुरक्षा से जुड़े कई प्रयास भी 2025 की पहचान बने। भारत में चीतों की संख्या भी अब 30 से ज्यादा हो गई है। 2025 में आस्था, संस्कृति और भारत की अद्वितीय विरासत सब एक साथ दिखाई दी।

**प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया बड़ी आशा के साथ भारत की ओर देख रही है और इसका सबसे बड़ा कारण युवा शक्ति है। उन्होंने कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों, नवाचारों और प्रौद्योगिकी के विस्तार ने दुनिया को बहुत प्रभावित किया है। प्रधानमंत्री ने बताया कि 'विकसित भारत युवा नेता संवाद' का दूसरा संस्करण शीघ्र ही आयोजित किया जाएगा।**

**प्रधानमंत्री मोदी ने नई पीढ़ी की नई सोच और नए तरीकों के साथ भारतीय संस्कृति की जड़ों से जुड़ने पर प्रसन्नता व्यक्त की। श्री मोदी ने कहा कि देश मं तमिल भाषा को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।**

*2025 में आस्था, संस्कृति और भारत की अद्वितीय विरासत सब एक साथ दिखाई दी। साल के शुरूआत में प्रयागराज महाकुंभ के आयोजन ने पूरी दुनिया को चकित किया। साल के अंत में अयोध्या में राम मंदिर पर ध्वजारोहण के कार्यक्रम ने हर भारतीय को गर्व से भर दिया। देश के भीतर भी तमिल भाषा के प्रचार के लिए लगातार काम हो रहा है। कुछ दिन पहले ही मेरे संसदीय क्षेत्र काशी में चौथा काशी तमिल संगमम हुआ। इस साल वाराणसी में काशी तमिल संगम के दौरान तमिल सीखने पर खास जोर दिया गया था। लर्न तमिल, तमिल कराकलम इस थीम के तहत वाराणसी के 50 से ज्यादा स्कूलों में विशेष अभियान भी चलाए गए। बच्चों ने तमिल में कविताएं सुनाई, भाषण दिए और अपनी संस्कृ ति को पूरे आत्मविश्वास के साथ मंच पर उतारा।*

**प्रधानमंत्री ने कहा कि देश नई आशाओं और नए संकल्पों के साथ 2026 में प्रवेश के लिए तैयार है। श्री**

मोदी ने आशा व्यक्त की कि वर्ष 2026 विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगा।

——————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में 'पुलिस मंथन' वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सम्मेलन के समापन अवसर पर कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था और जातीय–धार्मिक सौहार्द प्रभावित करने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाना जरूरी है। इस क्रम में श्री योगी ने अधिकारियों को कानून व्यवस्था को और मजबूत करने विशेषकर सोशल मीडिया आर साइबर अपराध पर सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिये।

श्री योगी ने कहा कि प्रदेश में आतंकी गतिविधियों और नशीले पदार्थों की तस्करी एवं संगठित अपराध रोकने के लिए सख़्त कार्रवाई की जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि

कानून का राज कायम करने के लिए जवाबदेह पारदर्शी और संवेदनशील पुलिस बल जरूरी है। बाइट...

*दक्ष, न्यायप्रिय, पारदर्शी, जवाबदेह और निष्ठा के साथ जनसेवा के प्रति संवेदनशील जो पुलिस बल है, यही अंततः कानून का राज स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाहन करेगा और जो हम सबके जीवन का संकल्प है। यह कानून का राज ही है जो देश के अंदर सबसे बड़ी आबादी के राज्य के मन में आधी आबादी के मन में जो सबसे असुरक्षित अपने आप को महसूस करती थी। उन सबके मन में एक नया विश्वास पैदा कर रही है और मैं मानता हूं इसी कानून के राज के लिए हमें अपने आप को अपडेट होना पड़ेगा, हर एक परिस्थिति से हर चुनौती से जूझने के लिए तैयार होना पड़ेगा।*

श्री योगी ने कहा कि राज्य पुलिस को अंतराष्ट्रीय अनुदानित धर्मांतरण रैकेट का सफाया करने के लिये आर्टीफीशियल इंटेलीजेंस का प्रभावी इस्तेमाल करना चाहिए।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में आयोजित होने वाले माघमेला–2026 को लेकर इकतीस दिसम्बर तक सारी तैयारी पूरी कर लिए जाने के निर्देश दिए हैं। मेला तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि देश–विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित, स्वच्छ और सुव्यवस्थित वातावरण मिले, यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में मुख्यमंत्री ने गृह विभाग को निर्देश दिए कि प्रमुख स्नान पर्वों पर किसी तरह का वीआईपी प्रोटोकॉल न दिया जाए। माघ मेला–2026 तीन जनवरी से पन्द्रह फरवरी तक कुल चौवालीस दिनों का होगा।

———————

अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ को लेकर कार्यक्रमों का दौर जारी है। आयोजन के दूसरे दिन तत्त्वकलश तत्त्वहोम आदि अनुष्ठान सम्पन्न किए गए। सांध्या बेला में देव विग्रह पालकी यात्रा निकाली गई। पालकी प्रतिदिन मन्दिर की तीन परिक्रमा करती है। पूजन में लगे आचार्यों के अनुसार यह अनुष्ठान सृष्टि तत्वों को संतुलित करने का वैदिक विज्ञान है। मुख्य आयोजन 31 दिसंबर को होगा जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शामिल होंगे।

—————————

प्रदेश में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे से जन–जीवन प्रभावित ह। पूर्वांचल के सभी जिलों में तापमान में तेजो से गिरावट दर्ज की गयी है। बीते चौबीस घंटे में इटावा राज्य का सबसे सर्द जिला रहा, जहां आज का तापमान सात डिग्री तक दर्ज किया गया है। वहीं पश्चिमी जिलों में भी सर्द हवा के चलते गलन बढ़ गयी है। मौसम के इस रूख का प्रभाव सड़क, रेल और हवाई यातायात पर भी पड़ा है। वाहनों की रफ्तार धीमी हो गयी है जबकि अधिकांश ट्रेनें देरी से चल रही हैं। कई विमानों की उड़ान रद्‌द होने की भी खबर है। राज्य सरकार की तरफ से ठंड से राहत और बचाव के लिये सभी कदम उठाये जा रहे हैं। इस सिलसिले में लखनऊ, फर्रूखाबाद, संभल, कानपुर सहित कई जिलों में शीतलहर को देखते हुए

जिलाधिकारियों ने रैन बसेरों का निरीक्षण किया और बेसहारा लोगों को कंबल बांटे। मौसम विभाग ने अगले दो दिनो के लिए भीषण ठंड की चेतावनी जारी की है। अधिकांश जिलों में घने कोहरे और शीत लहर का ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है। शीतलहर के कारण चंदौली, जौनपुर और देवरिया समेत कई जिलों में 29 और 30 दिसंबर तक स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है।

——————————

उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय और उत्तर प्रदेश हॉकी संघ के तत्वावधान में लखनऊ में जारी राज्य स्तरीय बालक हॉकी प्रतियोगिता के तीसरे दिन आज खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए, बेहतरीन खेल प्रतिभा का परिचय दिया। आज पहले मुकाबले में मेरठ मंडल ने चित्रकूट मंडल को चार शून्य से पराजित किया। वहीं सहारनपुर मंडल ने अलीगढ़ मंडल को 4–0 से मात दी। टूर्नामेंट के हाई–स्कोरिंग मैच में स्पोर्ट्स कॉलज सैफई ने वाराणसी मंडल को 6–1 से हराया, जबकि स्पोर्ट्स हॉस्टल रामपुर ने कानपुर मंडल को 8–0 से परास्त किया। इस प्रतियोगिता में शामिल राज्य के सभी मंडलों का क्वाटर फाइनल लाइनअप तय हो गया है। पहले क्वार्टर फाइनल में आठ टीमों मा मुकाबला होगा, जो कल खेला जायेगा।

——————————